26 अप्रैल,2024

श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय, गोरखपुर।

रोटरी क्लब गोरखपुर मिडटाउन एवं नई उमंग (अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन) एवम श्री गुरु गोरखनाथ चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में होटल सरोवर पोर्टिको, विजय चौक, गोरखपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।

आज के रक्तदान शिविर के लिए गोरखनाथ ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर अवधेश अग्रवाल ने रोटरी क्लब गोरखपुर मिडटाउन एवं नई उमंग सभी पदाधिकारी एवम रोटरियन को रक्तदान करने के लिए धन्यवाद दिया है। और कहा की संस्था द्वारा रक्तदान करना अच्छा संदेश है । रक्तदान महादान है । एक यूनिट रक्तदान करने से तीन लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है । अतः समय समय पर रक्तदान अवश्य ही करना चाहिए।

आज रक्तदान के लिए की टीम के देख रेख में किया गया जिसमें रविता टीबरेवाल, रो.हर्ष बंका, रो.रौनक गोयल, ऋषभ केडिया, निकुंज बंका, अंकित टीबरेवाल, इशांत सोंथालिया, सनी टीबरेवाल, मयंक अग्रवाल, शशांक चाँदवासिया सहित 25 महादानियो ने रक्तदान किया गया। वहीं होटल सरोवर पोर्टिको के अमिताभ एवं बिपलव ने अपनी पूरी टीम के साथ रक्तदान किया एवं रक्तदान शिविर में पूरा सहयोग किया।

कार्यक्रम में रो. जगदम्बा जायसवाल, रो. राजकुमार बथवाल, रो. रेनू कन्दोई, सीमा सोंथालिया, रीना केडिया, ममता बंका, मंजू दुचानिया, सविता चोखानी, रो. अजय चाँदवासिया, रो. आशुतोष अग्रवाल इत्यादि उपस्थिति रहे।

संस्था कि तरफ से सभी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

शिविर में रेनू कन्दोई एवं सीमा सोंथालिया ने सभी आये हुए अतिथियों को धन्यवाद दिया।